हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024



## रायपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे रद्द होने के बाद

# 69 गांव से खरीदी बिक्री का प्रतिबंध भी हटा, आदेश जारी

- विलंब से प्रतिबंध लगाने से बढ़ी लागत के कारण प्रोजेक्ट रद्द
- आदेश के जारी होते ही सदमे में भू-माफिया, करोड़ों रुपए की लगी चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रायपुर से हैदराबाद तक भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले एक्सप्रेस वे हाईवे को केंद्र सरकार के भाराराप्र द्वारा रद्द करने के बाद अब जिला प्रशासन ने उस मार्ग में आने वाले गांव से जमीन की खरीदी बिक्री पर लगे प्रतिबंध को भी हटा दिया है। राजनांदगांव व मोहला-मानपुर जिले के कुल 69 गांव में इस प्रोजेक्ट के कारण पिछले दो साल से जमीन की खरीदी बिक्री पर बैन लगा हुआ था।

मिली जानकारी के अनुसार दो साल पहले 31 अक्टूबर 2022 को आदेश जारी कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण द्वारा दोनों जिला प्रशासन को गांव की सूची सौंपकर वहां जमीन की खरीदी बिक्री करने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मोहला-मानपुर जिले में 2 नवंबर 2022 और राजनांदगांव जिले में 21 दिसंबर 2022 को प्रभावित गांव में बैन लगा दिया गया था।




### 31 को आदेश, 50 दिन बाद प्रतिबंध

मिली जानकारी के अनुसार भराराप्र द्वारा 17 अक्टूबर 2022 को रायपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे को स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। इसके बाद इस एक्सप्रेस-वे में आने वाले गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए सूची सहित एक आदेश राजनांदगांव व मोहला-मानपुर जिले को 31 अक्टूबर 2022 को जारी किया गया। मोहला-मानपुर जिले में 2 नवंबर 2022 को कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर प्रतिबंध लगा दिया गया, लेकिन राजनांदगांव जिले के लगभग 45 गांव में प्रतिबंध लगाने के आदेश को जारी करने में 50 दिन की देरी की गई और 21 दिसंबर 2022 को यह जारी किया गया। इसी दौरान भू-माफियाओं ने पूरा खेल को अंजाम दिया।

### दो जिलों के 69 गांवों की जमीन की फिर शुरू होगी खरीदी-बिक्री

नांदगांव ब्लॉक में सिंघोला, सुरगी, महराजपुर, ढोड़िया, जंगलेशर, कोटराभांठा, आरला, मोखला, कुसमी, भर्रेगांव, टेडेसरा, इंदवानी, पार्रीखुर्द, सांकरा, टेड़ेसरा, देवादा एवं सोमनी गांव से होकर यह सड़क गुजरेगी। छुरिया ब्लॉक में ग्राम दैहान, घुपसाल, लाटमेटा, नरेठीटोला, सागर, कुमरदा, आमगांव, भंडारीभरदा, चांदो, मुचेदंड, कन्हारपुरी, देवरी, पंगरीकला, बेजरतोला, साल्हे, मनहोरा, अछोली। डोंगरगांव ब्लॉक में मोहड़, करियाटोला, माथलडबरी, बेंदरकट्टा, दर्री, खुज्जी, बघमार, करेठी, भटगुना, नादिया, खुर्सीपार, भाखरी, रीवागहन, कुतुलबोड भांठागांव। मोहला-मानपुर-चौकी जिले में भी 42 किमी सड़क गुजरने वाली है। इनमें पाटनखास, तोयागोंदी, यहोदा, साल्हे, वासड़ी, बंजारी, छुरियाडोंगरी, टाटेकसा, छुईखड़का, ठाकुरबांधा, विचारपुर, मुड़पार, मिरचे, हेलमकोहड़ा, दक्कोटोला, चिल्हाटी, खड़खड़ी, झिटिया, हालमकोड़ो, एड़मागोंदी, डोंगरगांव, कहाड़कसा, हांडीटोला, आमाटोला, बिटाल, राघोटोला, शिकारीटोला, थैलीटोला, जोरातराई गांव में भू-अर्जन पर रोक थी।

# मंत्री की बैठक में अफसरों के साथ अभद्र व्यवहार, उप अभियंता सस्पेंड

## सफाई व्यवस्था पर विगत दिनों हुई थी वीडियो कान्फ्रेसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय विभाग के मंत्री एवं राज्य के डिप्टी सीएम अरूण साव की उपस्थिति में आहूत वीडियो कान्फ्रेसिंग में समीक्षा के दौरान प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किए जाने एवं सफाई व्यवस्था एवं रेकिंग की स्थिति में गिरावट पर संतोषप्रद जवाब नहीं देने के मामले में राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर नगर निगम के प्रभारी सहायक अभियंता को निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जुलाई को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक आयोजित की थी। इस दौरान राजनांदगांव नगर पालिका निगम की समीक्षा के दौरान प्रभारी दीपक अग्रवाल सहायक अभियंता, स्वच्छता प्रभारी द्वारा मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत सफाई व्यवस्था एवं रैकिंग की स्थिति गिरावट पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इसके अलावा वीडियो कान्फ्रेसिंग के दौरान प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया।

### रैकिंग घटने का उत्तरदायी पाया गया

वर्ष 2022 में निकाय की रैकिंग 221 थी, जो घटकर वर्ष 2023 में 267 हो गई। जिसके लिए श्री अग्रवाल को उत्तरदायी पाया गया है। जिसके चलते राज्य शासन द्वारा दीपक अग्रवाल प्रभारी सहायक अभियंता, स्वच्छता प्रभारी नगर पालिका निगम राजनांदगांव को छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम 1968 के नियम 53 के अंतर्गत निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में श्री अग्रवाल का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग होगा।


# जंगल में खेल रहे थे जुआ पुलिस की दबिश, 5 पकड़ाए

**मोहला।** जंगल में एकत्र होकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां जुआ खेलने के पांच आरोपी पकड़े गए। जिनसे नगदी रकम 25 हजार रुपए, ताशपत्ती व दरी बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 19 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर ग्राम साल्हे के जंगल से ताश के 52 पत्ती से रुपया-पैसा का दांव लगाकर जुआ खेलते 5 जुआरी आरोपी शंकर निषाद 30 साल साकिन पांडुतोला, पृथ्वीराज वाल्दे 31 साल साकिन चिल्हाटी, हेमंत यादव 23 साल साकिन चिल्हाटी, विजय पटवा 31 साल साकिन चिल्हाटी, करण मानिकपुरी 21 ग्राम चिल्हाटी को पकड़ा गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों के पास से व फड़ से नगदी रकम 25 हजार रुपए, 2 गड्डी ताश की 52 पत्ती और एक दरी को पुलिस ने जब्त किया। आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत पाए जाने पर पृथक से थाना चिल्हाटी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।









## खबर संक्षेप



### एटीएम सुविधा की मांग

**डोंगरगढ़।** शहर में एटीएम सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए ब्रांच मेनेजर स्टेट बैंक को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह, प्रकाश महानदी, बंटी गुप्ता, तरुण फूले उपस्थित थे।

### किरगी ब में न्योता भोज आयोजित



**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री पोषक आहार अभियान के तहत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब में न्योता भोज का आयोजन किया गया। गांव की रम्हला साहू के दशगात्र के अवसर पर मनराखन साहू, गजेन्द्र साहू, झुम्मन साहू, मिथलेश साहू, कोमल साहू ने बच्चों को खीर, पुड़ी, बड़ा, चावल, दाल, आलू चना खिलाया। इस अवसर पर सरपंच टीकम साहू, शिक्षक निमनदास देशलहरे, अजय साहू, कमल जोशी, देशूराम देवांगन, नारद हिरवानी, दुष्यंत साहू, कमोलनी लहरे, कमला सिन्हा उपस्थित थी।

### सिकलसेल की सघन जांच



**डोंगरगांव।** भारतीय पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प लगाकर सिकलसेल की जांच किया। कैम्प में डां. भूमिजा तिवारी, डां आशीष राव, विजेन्द्र गौतम, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मीकांत पाल, योगलाल रामटेके ने करीब 200 बच्चों की जांच किया। इस दौरान प्राचार्य सुनीत पांडेय ने मौजूद रहकर बच्चों को जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नेशनल हाइवे के किनारे पौधरोपण



**डोंगरगांव।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीते दिवस नेशनल हाइवे के किनारे पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत ओड़ारबांध की सरपंच सुनीता साहू, सचिव बेदनाथ उइके तथा हेल्थ वर्कर सरिता तिवारी के प्रयास से आयोजित अभियान में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। नेशनल हाइवे के किनारे ग्राम टप्पा एवं ग्राम पंचायत ओड़ारबांध के आश्रित ग्राम मलईबरी में महिलाओं ने कटहल, गुलमोहर, आम सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे। प्राथमिक शाला तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मलईडबरी में भी पौधरोपण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता मंडावी, राजकुमारी साहू, कामिन साहू, वर्षा निषाद, दुलारी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### गुरू पूर्णिमा पर्व कल

**पटेवा।** ग्राम में ग्रामवासियों के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा पर्व 21 जुलाई को हर्षोल्लास के साथ शीतला माता मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ माता देवालय में पूजा अर्चना के साथ होगा। इस मौके पर गुरु पूजन एवं मानस मर्मज्ञ ठोकेलाल देवांगन का प्रवचन रखा गया है।

## निधन

### प्रभुलाल बोदलकर



**डोंगरगढ़।** कालकापारा स्थित मिसयाबाड़ा निवासी सेवानिवृत्त रेलवे ड्राइवर प्रभुलाल बोदलकर पिता स्व. पुनऊ बोदलकर का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। स्व. बोदलकर की अंतिम यात्रा उनके निज निवास मिसायाबाड़ा से छीरपानी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

---

### पढ़ाई में लापरवाही बरत रहे कई शिक्षक

# नोटिस के बाद लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नए शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही बिना जानकारी के शिक्षकों के स्कूल से अनुपस्थित रहने, विलंब से आने की शिकायतें मिलना शुरू हो गया है। गत दिनों अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई शिक्षक बिना सूचना के गायब मिले तो कुछ समय के बाद स्कूल पहुंचे। कुछ शिक्षक के समय से पहले ही घर चले जाने का खुलासा हुआ। निरीक्षण के बाद लापरवाह शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है जिससे यह शिक्षक सकते में आ गए है। वहीं संकुल समन्वयक की जानकारी में संचालित हो रहे इस खेल से विभाग में हडकंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार नशे में धुत होकर स्कूल आने वाले शिक्षकों सहित बिना जानकारी के अनुपस्थित और समय पर स्कूल नही पहुचने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बीईओ विरेन्द्र गरचा ने नोटिस जारी करना तो स्वीकार किया किन्तु दोषी शिक्षकों नाम का खुलासा नहीं किया। जानकार बताते हैं कि अधिकारियों ने कार्यवाही करने के बजाय नोटिस जारी कर मामले को रफादफा करने का प्रयास शुरू कर दिया है। राजनीतिक दबाव के साथ शिक्षकों से उगाही करने का आरोप भी विभाग पर लग रहा है।

#### लापरवाह शिक्षकों की कुंडली तैयार



जानकारी के अनुसार कई हाईस्कूल, मीडिल स्कूल, प्राथमिक स्कूल के कई बिना छुट्टी के गायब रहते है। वहीं कई शिक्षक ऐसे भी है जो शनिवार को स्कूल जाते ही नहीं है। पता चला है कि तीन सालो से समय पर स्कूल नहीं आने वाले, गैर हाजिर रहने के बाद वेतन लेने और नशा कर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षकों की सूची तैयार किया गया है जिन पर संकुल समन्वयक कार्रवाई करने के बजाय वसूली करते घूम रहे है। बताया जाता है कि अनुपस्थित शिक्षकों के वेतन का आहरण में मीशनखोरी चल रही है।

#### महीनों से गायब शिक्षक

जानकारी के अनुसार संकुल केन्द्र धनडोंगरी, चारभाठा, बागनदी, माडीतराई, पलादूर, ढारा, बागरेकसा, मडियान, सीतागोटा, पीपरखार में शिक्षकों को लेकर काफी शिकायत है। इसी प्रकार झिंझारी, पीटेपानी, धनडोंगरी, गोविंदपुर, दमउदहरा, ठाकुरटोला, तोतलभर्री, पलांदूर, बडे कुसमी, स्कूलों के शिक्षको के गायब होने की जानकारी सामने आई है। संकुल समन्वयक इन स्कूलो के शिक्षकों के साथ सांठगांठ कर वेतन निकाल देते हैं।

---

# समर्थ अभियान के तहत संगीत विवि में जागरुकता कार्यक्रम

- यातायात पुलिस ने दी नवीन कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



समर्थ अभियान कके तहत पुलिस ने इंदिरा कला संगीत विवि के स्टुडेंट्स सहित स्टाफ को नए कानून के अलावा यातायात कानून को लेकर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एएसपी नेहा पांडेय, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन मे जिले मे व्यापक स्तर पर जारी समर्थ अभियान तहत संगीत विवि परिसर मे यातायात पुलिस ने छात्र/छात्राओं को नवीन कानून भारतीय न्याय सहिंता सहित वाहन न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराया। महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार, अनुशासन, राहत, हिम्मत, गुड टच, बैड टच, हिट एंड रन, गुड सेमेरिटन, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम, नशा न करने, साइबर अपराध की पूर्ण जानकारी से अवगत कराया वही यातायात नियमों का पालन करने वचनबद्ध होने की अपील की। मौजूद अधिकारियो ने बताया कि किसी भी तरह की सडक्र दुर्घटना होने पर तत्काल लोगों की मदद करने वाले नेक व्यक्ति के तहत लोगों को चिन्हाकित व नामांकित कर छग पुलिस द्वारा समय -समय पर पुरस्कृत किया जा रहा है। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं द्वारा नवीन कानून और साइबर अपराध के संबंध में पूछे गए शंकाओं एवं सवालों का निराकरण भी किया गया। यातायात पुलिस ने आमजनो से यातायात नियमों का पालन कर सहयोग करने की अपील की।

#### विवेकानंद स्कूल में साइबर क्राइम की दी जानकारी

समर्थ अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद स्कूल मे साइबर सेल द्वारा स्कूली बच्चो सहित उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं को साइबर क्राइम और नवीन कानून संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। किसी भी प्रकार से ऑनलाइन फ्रॉड होने पर नजदीकी थाना/चौकी/टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करने कहा गया। इसके अलावा पास्को एक्ट, यातायात कानून सहित साइबर अपराध को लेकर जानकारी पुलिस ने दी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा लोगो को जागरूक करने के साथ पुलिस का सहयोग करने की अपील साथ लगातार जागयकता अभियान चलाया जा रहा है।

---

# बेजा बिजली कनेक्शन पर 41 हजार का भेजा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बिजली कंपनी राजनाँदगाँव की सतर्कता टीम बीते दिनों ग्राम ठंडार पहुंची थी। इस दौरान पंप को चालू देखा गया जिसका कनेक्शन खंभे से लिया गया था। पूछताछ करने पर सतर्कता टीम ने मालूम हुआ कि पंचायत ने पंप चलाने के लिए टीपी कनेक्शन नहीं लिया गया है। सतर्कता टीम ने प्रकरण तैयार कर गंडई बिजली कम्पनी को दिया। कंपनी ने 41 हजार 463 रुपए का डिमांड नोट सरपंच ग्राम पंचायत ठंडार को भेजा है। सरपंच तानसेन साहू ने बताया कि नल जल योजना के तहत पानी की पूर्ति के लिए हेण्डपंप में 1 किलोवाट की मोटर लगाया गया है। बिजली कंपनी ने बिल ज्यादा का भेजा है। बिजली कंपनी को मामले से अवगत कराकर बिल कम करवाकर जमा किया जाएगा।

### रोप-वे 22-23 को बंद रहेगा




**डोंगरगढ़।** मां बम्लेष्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित रोपवे मरम्मत कार्य के चलते 22 से 23 जुलाई तक बंद रहेगा। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद रोपवे का संचालन पूर्ववत किया जाएगा। यह जानकारी मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

---

# सेजेस के 2 बच्चे तलवारबाजी में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया





कहा जाता है कि जहां चाह होती है वहां राह मिल ही जाती है। इस कहावत को सेजेस गंडई के दो बच्चों ने सच साबित कर दिखाया है। क्षेत्र में तलवारबाजी का कल्पना करना थोड़ा मुश्किल है परंतु सेजेस के 4 बच्चों ने इसी मुश्किल खेल को चुना जिन्हे खेल शिक्षक ने प्रोत्साहित किया।

प्रेक्टिस के लिए समान नही होने की समस्या को टीचर ने खुद से हल करते हुए कुछ बच्चों को तलवारबाजी का गुर सिखाया। गत 18 जुलाई को जांजगिरि में संभाग स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में शामिल सेजेस की सान्वी हठीले, सुबोध ध्रुव, काजल राजपूत एवं अकील कुरैशी ने जोश के साथ भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा नवमी की काजल राजपूत एवं कक्षा आठवी के अकील कुरैशी का प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जानकारी अनुसार यह बच्चे आने वाले दिनों में होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल शिक्षक प्रिंकेश कश्यप उन्हें तलवारबाजी की बारीकी से अवगत कराते हुए उन्हे ट्रेनिग दे रहे हैं।

---

# नल से व्यर्थ बह रहा पानी

### संकट के बीच पानी की बर्बादी से ग्रामीण नाखुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



अषाढ़ माह में क्षेत्र के कई गांव में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या बनी हुई है वहीं कुछ लोगों की लापरवाही के चलते नल से व्यर्थ पानी बह रहा है। ग्राम पंचायत चकनार के तालाब पारा सहित कुछ वार्डों में बीते चार माह से पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं वही इस गांव के वार्ड क्रमांक 10 डिपरापारा के सार्वजनिक नल से बीते दो दिन से पानी बह रहा है। जानकारी अनुसार पंचायत में नल जल योजना संचालित है जिससे गांव के कुछ लोगों को लाभ मिल पाता है। शेष मोहल्ले में नल जल योजना का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पंचायत ने लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने प्रमुख जगहों पर सार्वजनिक नल लगाया गया है। वार्ड क्रमांक दस के नल से पानी बीते दो दिन से बह रहा है। पंचायत प्रतिनिधि ने बताया कि सभी सार्वजनिक नलों में टोंटी लगाया गया था। टोटी निकल जाने के कारण पानी बह रहा है जिसकी जानकारी नहीं है।

---

# अवैध प्लाटिंग पर नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- शहर सहित आसपास गांवों में प्लाटिंग जारी

नगर में लगातार अवैध प्लाटिंग होने के बाद भी प्रशासन रोकने में असमर्थ नजर आ रहा है। छिरपानी मार्ग के ग्रीन बेल्ट घोषित होने के बाद जमीनों की खरीदी बिक्री, बिना डायवर्सन के निर्माण जारी है। अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति के निर्माण की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाए ऐसे मामलों पर पर्दा डाला जा रहा है। अब अवैध प्लाटिंग का मामला विधानसभा में उठने के बाद प्लाटिंग करने वालों और खरीददारों में हडकंप मच गया है।

दुर्ग भिलाई के संजय सठावने ने हरिभूमि संवाददाता को दूरभाष पर बताया कि जो लोग ईमानदारी से अधिकारी और कर्मचारियों को पैसा देकर काम कर रहे है उन्हे बदनाम किया जा रहा है, जबकि राजनीतिक संरक्षण में काम करने वालों को न चिन्हित किया जा रहा है न कार्यवाही हो रही है। उन्होने बताया कि अधिकारियों की सहमति के बाद प्लाट काटा गया है। शहर में इन दिनों बड़ी संख्या में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। शहर से लगे ग्रामों की जमीन पर कॉलोनाइजरों की नजर पड़ चुकी है। अवैध प्लाटिंग की कई शिकायत राजस्व विभाग से हो चुकी है किन्तु जेब गर्म करने के चक्कर में अधिकारी अवैध कॉलोनियों पर मेहरबान बने हुए हैं।

#### संपर्क नहीं हुआ

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी आरआर वर्मा से चर्चा करने का प्रयास किया गया किन्तु तीन दिनों से विभागीय कार्य से बाहर होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।

---

# नपं कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन, महीनों से वेतन भुगतान लंबित

### अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर पंचायत के नियमित कर्मचारियों ने अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया। नगर पंचायत के शिव ठाकुर, राजमणि शर्मा, दयालु साहू, किंशुक यादव, महेंद्र कश्यप, रामजी यादव, शत्रुधन मारकंडे, गौकरण, हुलास साहू,कमल किशोर नेताम रमेशर निर्मलकर ने बताया कि नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है।

गंडई सहित अन्य निकायों में विगत एक से चार माह के वेतन का भुगतान लंबित है।

वेतन भुगतान को लेकर निकाय गंभीर नहीं है। शासन भी ध्यान नहीं दे रहा ह। वेतन के लंबित रहने से कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। वेतन समस्या के निराकरण के लिए विभागीय संचालक, सचिव, मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया किंतु अब तक सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है।

#### जिला मुख्यालय में देंगे धरना

वेतन भुगतान की मांग को लेकर महासंघ एवं अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। इसी तारतम्य में 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर प्रदर्शन किया गया है। आगामी 22 जुलाई को कलमबंद हड़ताल किया जाएगा। आगामी 29 जुलाई को सभी निकाय के कर्मचारी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में सार्थक पहल नहीं किया जाता है तो संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

---

# मरम्मत के अभाव में सड़कों का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ड़कों का हाल बुरा है। बारिश शुरु होने के साथ ही सड़कों की हालत बदत्तर हो गई है। विधानसभा मुख्यालय को जोड़ने वाली सभी सड़कों में सैकड़ो गड्ढे हो गए हैं।

डोंगरगढ़ से खैरागढ़, टोलागांव, भंडारपुर रोड बुरी तरह खराब है। आए दिन इस रोड में दुर्घटनाएं होते रहती है।

सड़क पर गड्ढे होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मरम्मत कराने में कोताही बरत रहे हैं। इस सड़क से आवागमन करने वालों को परेशान होना पड़ रहा है। सड़क पर दुर्घटनाएं होने की आशंका दिन ब दिन बढ़ रही है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

---

### कलेक्टर ने महिलाओं की पहल को सराहा

# निकली पेड़ लगाबोन-पैसा कमाबोन पदयात्रा


हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



समापन सत्र में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने हरियाली बहिनी के कार्यो की सराहना करते

पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोंन के लक्ष्य को लेकर हरियाली बहिनों ने गत 16 और 17 जुलाई को महिला पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा में कलेक्टर एस जयवर्धन, पद्मश्री फुलबासन यादव, आईआईटी दिल्ली के प्रो पराग, छात्र, हरियाली बहिनी अभियान के संस्थापक शिवकुमार देवांगन, राजेश साहू आदि शामिल हुए।

पदयात्रा में शामिल गांव में आम पौधे का रोपण, ग्राफ्टिंग किया गया। पदयात्रा 16 जुलाई को मचान्दुर से प्रारंभ होकर गिधाली, दुग्गाटोला, पिडिंगपार पहुंची। रात्रि विश्राम के बाद 17 जुलाई को चिहकाटोला, तेलीटोला एवं केवटटोला में समापन किया गया। समापन सत्र में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने हरियाली बहिनी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि हरियाली बहिनी गांव- गांव में फलदार पौधा लगवा रही है, जिससे पर्यावरण अच्छा रहेगा साथ ही लोगों की आय भी बढ़ेगी। इस दौरान पद्मश्री श्रीमती यादव ने कहा हरियाली बहिनी ने पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोंन का नारा देते हुए पौधरोपण को जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास किया है। इस अभियान से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। आईआईटी के प्रो श्री पराग ने कहा कि यह पहली यात्रा है जिसमें महिलाएं स्व-फुर्त होकर शामिल हो रही है। अभियान के संस्थापक शिवकुमार देवांगन के कहा कि हरियाली बहिनी निःशुल्क सेवा देकर लोगों को फलदार पौधा लगाने के फायदे से अवगत करा रही है ताकि २-३ वर्षो में फल से आमदानी हो सके।



## खबर संक्षेप



### बाबाधाम के लिए बस को विक्रांत ने किया रवाना

**खैरागढ़।** बाबा धाम की यात्रा पर निकले बाजार अतरिया के डेढ़ सौ दर्शनार्थियो की बस को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने रवाना किया। बैजनाथ धाम, अयोध्या मे राम लला मंदिर सहित अन्य देव मंदिरो के दर्शन के लिए छुईखदान ब्लाक के कोटरा, सूराडबरी, आमाघाट कादा सहित आसपास गांव के लगभग 150 दर्शनार्थियों के बस को विक्रांत सिंह ने रवाना किया और क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना करने कहा। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, राजकुमार जंघेल, नरेश कुर्रे, पूर्णाचन्द गुप्ता, विकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### जनजागरूकता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

# डायरिया प्रभावित मुहडबरी पहुंचे एडीएम, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के मुहडबरी में दो दिनों में एक दर्जन से ज्यादा उल्टी दस्त के मरीज मिलने के बाद अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल प्रभावित ग्राम का निरीक्षण किया और डायरिया से रोकथाम को लेकर अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर महडबरी पहुंचे अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने गांव के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और डायरिया रोकथाम को लेकर अधिकारियों को जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार करने कहा वही ग्रामीणों से चर्चा कर घरों को साफ-सफाई रखने, पानी उबाल कर पीने तथा घर के आसपास पानी जमा नहीं रखने की अपील की।

इस दौरान एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद सीईओ शिशिर शर्मा, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



#### घर-घर जाकर करें सर्वे

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप मे मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने कहा। डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमले को सतर्क रह कर 24 घंटे मरीजों का इलाज करने और चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। भ्रमण बाद उन्होंने स्वास्थ विभाग को घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे करने को कहा साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रिफर करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियो को जल स्रोत की जांच करने, नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए साथ उन्हें सभी हैंडपंपों में क्लोरीन की दवाई डालने, नालियों में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव करने कहा।

# जिले के मैदानी भाग में वर्षा की कमी को लेकर आकस्मिक कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के मैदानी इलाकों में अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए खेती किसानी के काम को लेकर किसानों के लिए आकसिमक कार्ययोजना मौसम विज्ञान विभाग ने तैयार की है। इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के कृषि मौसम विज्ञान विभाग में ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना अंतर्गत कृषि मौसम सलाह सेवा समिति की बैठक मे विभिन्न विभागों व कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुखों द्वारा बारिश की वर्तमान स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्य के लिए सलाह सहित आकस्मिक कार्य योजना तैयार की गई है। इसका उपयोग कर किसान किसानी काम करे ताकि बारिश की कमी से होने वाले नुकसान को कुछ हद कम किया जा सके।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ गुंजन झा ने वर्तमान स्थिति में मैदानी भाग के जिलों में वर्षा की कमी की परिस्थिति को लेकर आकस्मिक कार्य योजना प्रस्तुत की है जिसके अनुसार जिन खेतों में रोपा नहीं लगाया गया है, वहां वर्तमान स्थिति में धान की कतार बुवाई करे और कम व मध्यम अवधि 120-130 दिनों की धान की किस्मों का प्रयोग करे।

#### धान की जगह अरहर बोएं

बीज दर सामान्य से 15-20 प्रतिशत अधिक रखे। उच्च भूमि क्षेत्र में धान की जगह मूंग, उड़द, मक्का, तिल और अरहर बोए। जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है, वहा 15-20 दिनों बाद की जाने वाली यूरिया की टॉप ड्रेसिंग मे विलंब करें। देरी से रोपाई की स्थिति में अधिक अवधि का थरहा होने पर उसकी पत्तियों के ऊपरी भाग को तोडक़र प्रति हिल 3-4 पौधे लगाए और रोपाई पूर्व थरहा को क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी 3-4 मिली और25 ग्राम यूरिया को 1 लीटर पानी में घोलकर 1 घण्टे तक जड़ से डूबाकर उपचारित करें इसके बाद रोपाई करें ताकि तना छेदक सहित अन्य कीटों से रोकथाम हो सके।

### कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधरोपण

**राजनांदगांव।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 3 जुलाई को कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने बादाम के पौधे कतार से लगाए। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए समय पर पानी दें और सभी मिलकर आवश्यक देखरेख भी करें। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि इस बारिश के मौसम में छायादार एवं फलदाल पौधे अधिक से अधिक लगाएं। इस अवसर पर संस्कारधानी के वृक्षारोपण रथ नगर निगम के माध्यम से पौधा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय आदि उपस्थित थे।

## अवैध शराब बेचते शहर में कोचिया सपड़ाया

**खैरागढ़।** अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने एसपी अधीक्षक त्रिलोक बंसल, एएसपी नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन व एसडीओपी लालचंद मोहले के निर्देशन मे थाना प्रभारी एसआई मोरजध्वज देशमुख व साइबर सेल प्रभारी टैलेश सिंह के नेतृत्व मे जारी अभियान तहत गुरूवार को धरमपुरा में शराब दुकान के सामने नरेंद्र सोनी की चाल पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस ने कारवाई कर आरोपी लोकेश पिता अशोक ढीमर 24 साल कुम्हारपारा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 30 पौवा शोले देशी प्लेन शराब मात्रा 5.400 एमएल शराब कीमत 27 सौ रूपए व बिक्री रकम 630 रूपए मिलाकर जुमला 33 सौ 30 रूपए को जब्त किया गया।



■ अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्रवाई

आरोपी लोकेश ढीमर से शराब रखने व बिक्री के संबंध में वैध लायसेंस मांगने पर नही होना लिखकर देने के बाद आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 282/2024 धारा 34 दो आबकारी एक्ट कायम कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया। उक्त कारवाई मे सउनि कमलेश बनाफर, प्रधान आर 737 सुरेश चंद्रवंशी, 1416 कमलेश श्रीवास्तव, आर 1581 त्रिभुवन यदु, आर 156 प्रदीप यादव, आर 1674 विजय कुर्रे, आर 518 अनिल धुर्वे व थाना स्टाफ की भूमिका रही।

# पुनर्गठित मौसम आधारित खरीफ फसल बीमा 31 तक

■ प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति से फसल बचाने के लिए बीमा योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन द्वारा साग-सब्जी, फल-मसाला की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई।

केंद्र सरकार की यह योजना प्रदेश सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कम्पनी द्वारा खरीफ व रबी 24-25 में टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता व अमरूद और रबी मौसम में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, आलू फसल के लिए लागू हैं। फसल अनुसार टमाटर में प्रति हेक्टेयर 6 हजार, बैंगन में 38 सौ 50, मिर्च में 45 सौ, अदरक में 75 सौ, केला में 82सौ 50, पपीता में 62 सौ 50 और अमरूद फसल के लिए 22 सौ 50 रूपए का प्रीमियम प्रति हेक्टेयर किसान को देना होगा। प्रभारी उद्यानिकी अधिकारी रवीन्द्र मेहरा ने बताया कि मौसम आधारित फसल बीमा योजना तहत खरीफ मौसम मे बीमा कराने अंतिम तिथि 31 जुलाई 24 निर्धारित है। अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी ऋणी व अऋणी किसान आवेदन के लिए पात्र है। ऐसे ऋणी किसान जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र अंतिम तिथि 31 जुलाई से कम से कम सात दिन पहले तक संबंधित वित्तीय संस्थान मे जमा करना होंगो। अऋणी किसान योजना तहत निकटतम उपरोक्त संस्थानों के माध्यम से अपना आनलाइन नामांकन करा सकते है, उन्हे आवेदन साथ आधार कार्ड की कॉपी भूमि प्रमाण पत्र बी-1 पी-2, बैंक पासबुक, फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्व-घोषणा पत्र देना होगा। इसके अतिरिक्त ऋणी कृषक अपने बीमित फसलों में परिवर्तन भी करा सकते हैं, इसके लिए 31 जुलाई से दो दिवस पहले इसकी सूचना संबंधित वित्तीय संस्थान या बैंक शाखा में दे सकते हैं।

#### नहीं देनी पड़ेगी क्षति की सूचना बीमा कंपनी को

प्रभारी अधिकारी रवींद्र मेहरा ने बताया कि पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा में यह सुविधा दी गई है, कि अधिसूचित क्षेत्र में स्थापित स्वचलित मौसम केंद्र से प्राप्त सभी 4 आवरित जोखिमों से प्रमाणित व अधिसूचित टर्मशीट के अनुसार दावा गणना जाएगी, दावा राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया जाएगा। फसल क्षति से संबंधित सूचना बीमा कम्पनी को देने की आवश्यकता नहीं है। स्थानीय आपदाओं में फसलों मे नुकसान होने पर 72 घण्टों के अन्दर बीमित फसलों के ब्यौरे क्षति की मात्रा, क्षति का कारण, फोटो इत्यादि के साथ इंश्योरेंश ऐप, जिला व तहसील स्तर के उद्यानिकी, राजस्व कार्यालय और बीमा कंपनी सहित टोल फ्री नम्बर-0771-4306812 या क्षेत्रीय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है। बीमा की अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय के मोबाइल नं. 6232644992, ब्लाक स्तर पर मोबाइल नं. 9630389479 व 6263162791 पर सम्पर्क कर सकते है।

# ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान अंर्तगत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में ग्रामीण युवाओं को मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण एवं ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना है।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण में 28 युवाओं को मशरूम उत्पादन तकनीक एवं उसके प्रसंस्कृत पदार्थ तैयार करने की जानकारी दी गई। केन्द्र के कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र मेश्राम द्वारा मशरूम स्पॉम बनाने की विधि, मशरूम से आचार, पापड़, बड़ी, मशरूम पकोड़ा एवं अन्य व्यंजन बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, आशीष शुक्ला विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

# विक्रमपुर हाईस्कूल में घम्मन ने दिया साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ विद्यार्थी जीवन की महत्ता पर डाला प्रकाश

बालिका शिक्षा को अनवरत जारी रखने आवाजाही की दिक्कतो से निजात दिलाने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना तहत विक्रमपुर हाईस्कूल मे आयोजित कार्यक्रम मे जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने 30 छात्राओं को साइकिल वितरित किया। इस दौरान घम्मन साहू ने कहा की बेटियो की शिक्षा को लगातार जारी रखने शासन की ओर से निःशुल्क साइकिल दिया जा रहा है ताकि बेटियों को स्कूल आने जाने में किसी प्रकार तकलीफों का सामना करना नहीं पड़े। इसी तरह बारहवी कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तक सहित अन्य सामग्री दिया जा रहा है जिसके चलते बच्चों का शिक्षा के प्रति लगाव बना हुआ है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को तन मन लगाकर पढ़ाई कर स्कूल गांव व प्रदेश का नाम रोशन करने , विद्यार्थी जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला और शिक्षा के प्रति जागरुक होकर शिक्षा ग्रहण करने की अपील की वही स्कूल की मांग पर जिपं निधि वाटर कूलर के लिए पचास हजार देने की घोषणा की। इस अवसर पर शाला विकास समिति बैहाटोला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, शाविस देवरी अध्यक्ष सुकृत वर्मा, भाजपा नेता जगदीश वर्मा, मानिक टंडन, लोकनाथ वर्मा, हुकुम वर्मा, खेमराज वर्मा, कन्हैया निषाद सहित शिक्षक दिलीप कुमार, लेखराज धुर्वे, अनुराग मालवीय, मोहित बंजारे, मीना कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।



#### शासन का जताया आभार

पाड़ादाह भाजपा मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा ने योजना से बालिकाओं को मिल लाभ को लेकर शासन का आभार व्यक्त किया। जीवन देवांगन ने ज्ञानार्जन के लिए विद्यार्थी, पालक और शिक्षक के आपसी तालमेल और सहयोग पर बल देते हुए कहा कि इस भावना से शिक्षा गुणवत्ता बेहतर होती है और शाला परिसर में सकारात्मक माहौल बना रहता है। शाला विकास समिति अध्यक्ष छगन वर्मा ने स्वागत उद्बोधन कर शाला विकास में सभी की सहयोग की अपेक्षा करते हुए स्वागत किया। आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य अरुंधति सिंह ने शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर एक अच्छा संस्कार बच्चों को देने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे स्टाफ द्वारा करने की जानकारी दी।

# पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व विधायक कोमल जंघेल बीते दिनों खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम बकरकट्टा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। शिविर के दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, बीज वितरण, राशन कार्ड वितरण, पौधा वितरण सहित विभिन्न विभागों की जिले का यह पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर वनांचल क्षेत्र से शुरू हुआ है।

शिविर में कोमल जंघेल ने कहा कि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के इस वनांचल क्षेत्र की विकास कि चिंता आजादी के बाद कभी किसी सरकार ने नहीं किया, जब भाजपा की सरकार आई और डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बने तो इस इलाके का उद्धार हुआ। सौभाग्य से मुझे इस क्षेत्र का विधायक बनने का अवसर मिला। डॉ. रमन सिंह के संसदीय सचिव बनने के फलस्वरूप मुझे इस वन क्षेत्र के कठिनाईयों को दूर कर इस क्षेत्र का विकास करने का मुझे अवसर मिल था। यही कारण है कि साल्हेवारा में कॉलेज, अनेकों हाईस्कूल, हायर सेकंडरी, गांव-गांव में सड़क, बकरकट्टा में अस्पताल का निर्माण हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं का लाभ लेने सबसे आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, भाजपा नेता टीके चंदेल, निजाम सिंह ने संबोधित किया। अंत में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शिविर का महत्व बताते सभी आवेदनों का निराकरण होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूरन जंघेल, खम्हन ताम्रकार, परसर ठाकरे, नेतराम जंघेल सहित समस्त भाजपा नेता व जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### आपत्ति एवं सुझाव 22 तक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा प्रदेश के नगर पालिकाओं का आम निर्वाचन 2024-25 के दृष्टिगत परिसीमन हेतु समय-सारिणी जारी की गई है। नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन 2011 की जनगणना को आधार मानकर किया जा रहा है। जारी समय-सारिणी अनुसार वार्डों का परिसीमन के लिए राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट 18 जून 2024 को तथा परिसीमन की कार्रवाई के लिए 21 जून 2024 को न्यू सर्किट हाऊस रायपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

नगर पालिक व नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव 24 जून से 12 जुलाई 2024 तक तैयार कर वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर दी गई है। वार्डों की सीमा निर्धारण से संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन संबंध में 15 से 22 जुलाई तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित की गई है।

### दवाइयों का पौने पांच लाख बकाया, एग्रीमेंट निरस्त करने का मामला अटका

# सिविल अस्पताल में दुकान, बंद का फरमान फिर भी केंद्र चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनऔषधि केंद्र में एथिकल दवाई भेजने वाले संचालक को सिविल अस्पताल परिसर मे संचालित दुकान के एग्रीमेंट को निरस्त कर तत्काल बंद करने संबंधी आदेश भी बकाया वसूली के चलते अटक गया है। समिति ने 5 जुलाई को दुकान का अनुबंध खत्म करने का निर्णय लिया जिसके बाद वहॉ दुकान संचालन नही होना चाहिए, लेकिन संचालक दवाईयों का बकाया पौने पांच लाख देने पर खाली करने की बात कर रहा है। जनवरी 20 मे जीवनदीप समिति ने सिविल अस्पताल परिसर मे जनौषधि केंद्र संचालन के लिए निर्धारित नियम व शर्तो के तहत चांदगढ़ी निवासी फार्मासिस्ट आशीष वर्मा को दुकान संचालन का काम सौंपा था।

गौरतलब है कि जनौषधि केंद्र संचालक आशीष वर्मा द्वारा जनौषधि के लिए निर्धारित दवाईयों के अलावा अन्य ब्रांड की एथिकल दवाईयॉ लगातार बेचने, अनेक बार अनुरोध और अस्पताल प्रशासन द्वारा चेतावनी के बाद भी सुधार नही करने से व्यवसाय प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए शहर के मेडिकल संचालको ने बुधवार 28 फरवरी को परिसर स्थित जनौषधि केंद्र मे धावा बोल दिया था। रंगे हाथ ब्रांडेड मेडिकल दवाईयों के कार्टून खाली होते पकड़ाने पर उन्होंने बीएमओ डॉ विवेक बिसेन को इसकी सूचना दी जिसके बाद मौके पर हालात को काबू पाने बीएमओ ने पहले दवाईयो की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली, संचालक से परचेस बिल और चालान मांगा जिसके बाद फौरी कारवाई करते हुए पंचनामा तैयार कर सीलबंदी की कारवाई कर दी थी।




#### पंद्रह दिनों के लिए किया था लाइसेंस सस्पेंड

सीलबंदी के चार दिन बाद जॉच के दौरान जनौषधि परियोजना के प्रदेश नोडल अनीश वोडेटलवार, एडीआई संजय झाड़ेकर और डीआई प्रियंका ध्रुव ने केंद्र मे फाक्सकॉल टेबलेट, एनजी फिट फोरजी सिंरप, ग्लिमीकान एमवन और एमटू, ट्राइनैक जैल, गडकेयर सचेट, मल्टी फिट टेबलेट, फेब्रिनिल एंपुल, जियोरेड एक्सटीएम सचेट जैसी महंगी ब्रांडेड दवाईयों के जखीरे के अलावा आयुर्वेदिक दवाईयॉ नीम करेला जूस सहित नारकोटिक एक्ट के तहत बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचने वाली प्रतिबंधित दवाई क्लोनाजेपाम का डिब्बा भी पाया जिसके बाद उप संचालक खाद्य व औशधि नियंत्रक विभाग ने 9 फरवरी को पंद्रह दिनो से लिए लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था।

#### कई बार चेतावनी के बाद नहीं हुआ सुधार

जीवनदीप समिति ने दुकान संचालन की अनुमति के दौरान संचालक को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया था कि वो जनौषधि दवाईयों के अलावा महंगी ब्रांडेड एथिकल दवाईया काउंटर से सेल नही करेगा, लेकिन 2022 में अस्पताल प्रशासन ने केंद्र संचालक को लिखित रूप से चेतावनी दी थी कि वो एथिकल दवाईयॉ रखना बेचना बंद करे चूकि जनौषधि केंद्र मे पीएमबीआई द्वारा आपूर्ति होने वाली दवाईयों को रखने बेचने की शर्त पर दुकान आबंटित किया गया है। संचालक को नई दिल्ली कार्यालय ने भी स्पष्ट रूप से चेतावनी जारी कर कहा था कि केंद्र से ब्रांडेड दवाईयॉ बेचने के कारण गरीबों को सस्ते दर पर दवाईयॉ उपलब्ध कराने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण परियोजना के साथ उनकी छवि भी प्रभावित हो रही है इसलिए वो यह बंद करे, लेकिन जनौषधि केंद्र संचालक के कानों पर उक्त आदेश को लेकर जूॅ नही रेंगा और बदस्तूर वो ब्रांडेड दवाईयॉ बेचता रहा। जिसके बाद जीवनदीप समिति ने जनौषधि परियोजना नियमों के उल्लंघन का कारण बताते हुए 5 जुलाई को पत्र जारी कर संचालक आशीष वर्मा को दुकान तत्काल बंद करने कहा है इसके बाद भी दुकान बदस्तूर जारी है।

#### जानकारी दिया हूं

छुईखदान, खैरागढ़ के अलावा अन्य स्वास्थ्य सेंटरो मे 2022 से 23 तक डिमांड अनुसार दवाई सप्लाई का लगभग पौने पांच लाख रूपयों का भुगतान रूका हुआ है इसकी जानकारी कलेक्टर और सीएचएमओ को दिया हूॅ। पैसे मिलते ही दुकान खाली कर दूंगा।

\- **आशीष वर्मा,** संचालक

### तेलियापानी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोदवागोड़ान।** उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पंडरिया क्षेत्र में सुदूर पहाड़ों पर स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम तेलियापानी एवं उसके आश्रित ग्राम मराडबरा में डायरिया से बचाव के लिए पंडरिया बीएमओ के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस जांच शिविर में कुल 394 लोगों की जांच की गई।



## सार समाचार

### आज विस अध्यक्ष रमन कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल शनिवार को शहर में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तथा शहर के विभिन्न निर्माण कार्यो का जहां भूमिपूजन करेंगे। वहीं अनेक संपन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर शहर के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। डॉ. सिंह दोपहर 2.10 बजे से शाम 5.45 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव रहेंगे। वे शाम 6 बजे मेडिकल कॉलेज जाकर लायंस क्लब द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिला भाजपा कार्यसमिति की बड़ी बैठक 21 को

**राजनांदगांव।** जिला भारतीय जनता पार्टी के विस्तृत कार्यसमिति की बैठक 21 जुलाई को सुबह 10 बजे गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई है। यह बैठक दो भागों में होगी। पहले चरण में आने वाले कार्यकर्ताओं का पंजीयन, वंदे मातरम का गान, दीप प्रज्ज्वलन, स्वागत व अभिनंदन जिला भाजपा अध्यक्ष का स्वागत भाषण, शोक प्रस्ताव, उद्घाटन भाषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई व प्रस्तावना, राष्ट्रपति के अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं का वाचन तथा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव आदि होगा। इसके पश्चात भोजन होगा तथा भोजन पश्चात दूसरा सत्र प्रारंभ होगा। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि समापन सत्र में स्थानीय निकायों के होने वाले चुनाव पर चर्चा होगी। लोकसभा चुनाव का विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा तथा भाजपा जिला प्रभारी द्वारा प्रदेश के आगामी कार्यक्रमों व गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण होगा, फिर समापन भाषण व राष्ट्रगान के पश्चात बैठक समाप्त होगी।

### शहर के विकास कामों का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा शहर विकास के लिए नगर निगम राजनांदगांव को विभिन्न मंद अंतर्गत राशि उपलब्ध कराए हैं। जिसमें 13 करोड़ 81 लाख रुपए से वार्डों में विकास कार्य कराया जाना है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा कल 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री व राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे, महापौर हेमा सुदेश देशमुख सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### सांई दरबार में गुरू पूर्णिमा पर महोत्सव

**राजनांदगांव।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्री सांई दरबार उपासना भवन साधु चाल तुलसीपुर में 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भजन गायक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे श्री सांई, मां काली, मां दुर्गा व श्रीगणेशजी का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती, शाम 7 बजे संदल यात्रा, रात्रि साढ़े 7 बजे महाआरती एवं पुष्पांजलि, रात्रि 8 बजे सांई जशन, महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि साढ़े 8 बजे से एक शाम सांई के नाम हरि सत्संग भजन मंडली द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।
फोटो 19 जुलाई नितिन सिंह राजपूत

### कृषकों के हित में भवन का उपयोग करने दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा निर्मित ग्राम सोमनी के कृषक सलाहकार सूचना केंद्र भवन विगत 10 वर्षो से कोई उपयोग कृषकों के हित में नहीं किया जा रहा है। किसी प्रकार का प्रशिक्षण, बैठक या कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हो रहा है। कृषकगण इधर-उधर बैठक कर रहे हैं। जनहित में कृषकों के हित में उक्त भवन का उपयोग करवाने हेतु सोमनी क्षेत्र के भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत द्वारा आरके राठौर संयुक्त संचालक (कृषि) दुर्ग संभाग दुर्ग से भेंट कर उक्त समस्या से अवगत करवाते ज्ञापन सौंपा गया। संयुक्त संचालक श्री राठौर ने श्री राजपूत की बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात उन्होंने तत्काल अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव को निर्देश दिया कि ग्राम सोमनी में उक्त भवन कृषकों के हित में सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को उक्त भवन में बैठने तिथि निर्धारित करें एवं स्वयं समय-समय पर पहुंचकर निरीक्षण अवश्य करें। तत्काल ग्रा. कृ.वि.अ. को आदेश प्रसारित करें, ताकि कृषकों को भटकना न पड़े तथा शासन की योजनाओं का सही ढंग से संचालन हो सके। ज्ञातव्य हो कि सोमनी के कृषक सलाहकार सूचना केंद्र भवन को एक ही परिवार को निवास करने चौदह माह तक दिया गया था। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों की शिकायत पर खाली करवाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक कृषि राजनांदगांव ने जांच करवाकर दोषी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को 5 जुलाई 2024 के आदेश में कहा गया कि यह कृत्य शासकीय दायित्व के विपरीत है। श्रीमती रीता ठाकुर का यह कृत्य शासकीय पदीय दायित्वों के विपरीत एवं छग सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 10(1) के तहत ग्रा.कृ.वि.अ. क्षेत्र सोमनी के विरुद्ध परिनिंदा की शस्ति अधिरोपित की जाती है तथा सेवा पुस्तिका में इंद्राज कराना अनुविभागीय कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया।

### युगांतर का नाम पुनः भारत की सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में दर्ज

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल को कॅरियर 360 संस्था द्वारा




भारतवर्ष में बेस्ट रेसिडेंशियल तथा बेस्ट-डे स्कॉलर स्कूल की दोनों कैटेगरी में फोर ए प्लस ग्रेड प्रदान कर भारत की सर्वश्रेष्ठ स्कूलों के संकुल में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि कॅरियर 360 संस्था ने भारत की प्रसिद्ध स्कूलों को ऑडिट कर युगांतर को भारत की टॉप क्लास स्कूल्स के रूप में सम्मानित किया। स्कूल को यह सम्मान बेस्ट-डे स्कॉलर तथा बेस्ट रेसिडेंशियल स्कूल की दोनों कैटेगरी मिलना ऐतिहासिक है। विद्यालय के इस सत्र के एकेडमिक परिणामों, विद्यालय की संरचना, टीचर्स की टीचिंग एबिलिटीज, टीचिंग क्वालिटी, अधिगम के आदान-प्रदान के साथ ही विभिन्न क्वालिटी पैरामीटर्स के आधार पर ऑडिट हुआ। युगांतर ने प्रगति की यह यात्रा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता प्रदान करने के आधार पर तय की है। संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए डे-बोर्डिंग और हास्टल की सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान कर रही है।

इसके अलावा संस्था में विविध खेलों के सर्वसुविधायुक्त मैदान भी उपलब्ध है। युगांतर अपनी स्थापना वर्ष में ही जिले का पहला सीबीएसई मान्यता प्राप्त और छत्तीसगढ़ राज्य का पहला आईएसओ सर्टिफाइड स्कूल बना। यही नहीं अध्ययन के अलावा खेल के क्षेत्र में भी अपना जौहर दिखाते युगांतर अनेक बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा है। संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने कहा कि यह उपलब्धि युगांतर परिवार के अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्था एकेडमिक क्षेत्र में और भी नवाचार एवं सर्वश्रेष्ठ करने हेतु कृत संकल्पित है। शाला की अधिकांश कक्षाएं पूर्णतया एसी क्लास रूम में परिवर्तित की गई है। यही नहीं उच्च तकनीकी ई-बोर्ड सुविधा से कक्षाएं भी सुसज्जित की गई है। विद्यार्थियों को एसी बस की सुविधा भी प्रदान की गई है।

### वार्डवासियों ने वार्ड परिसीमन पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

# सिंगदई वार्ड में मोहारा पुरानी बस्ती को जोड़ने का नागरिकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम क्षेत्र के वार्डों का परिसीमन किया जा रहा है। जिसमें शहर के कई वार्ड प्रभावित हो रहे हैं। जिसको लेकर अब विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। शहर के रानी जोतकुंवर सिंगदई वार्ड के लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर वार्ड परिसीमन से वार्ड प्रभावित होने का विरोध किया है।

नगर निगम क्षेत्र में वार्डों का परिसीमन कराया जा रहा है। जिसमें शहर के वार्ड नंबर 50 सिंगदई वार्ड में मोहारा पुरानी बस्ती को जोड़ा जा रहा है। जिसका विरोध सिंगदई वार्ड के लोगों ने शुरू कर दिया है। वार्ड के लोगों ने पूर्व पार्षदों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर सिंगदई वार्ड को परिसीमन से प्रभावित नहीं करने को लेकर नारेबाजी की।



#### पड़ेगा राजनीतिक असर

आगामी नगर निगम चुनाव में पार्षद पद की दावेदारी करने वालों को परिसीमन से राजनीतिक लाभ और नुकसान हो सकता है। वहीं सामाजिक और राजनीतिक समीकरण के चलते भी वार्ड के मतदाताओं को लेकर काफी असर पड़ेगा। अन्य वार्ड का हिस्सा अपने वार्ड में जुड़ जाने से उस क्षेत्र में राजनीतिक पकड़ से भी प्रत्याशी प्रभावित होंगे, इन्हीं सब कारणों को देखते हुए परिसीमन में अन्य वार्डों को शामिल किए जाने का विरोध होने लगा है।

#### वार्ड को यथावत रखने की मांग

मोहारा पुरानी बस्ती को सिंगदई वार्ड में जोड़ने को लेकर वार्ड के लोगों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और प्रदर्शन के माध्यम से परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। सिंगदई वार्ड के लोगों ने मांग की है कि सिंगदई वार्ड को परिसीमन से प्रभावित न करते यथावत रखा जाए।

#### परिसीमन को लेकर आपत्ति

सिंगदई वार्ड नं. 50 रानी जोतकुंवर बाई वार्ड का वर्तमान में नया परिसीमन किया गया है, जिसे लेकर वार्ड के लोगों ने अपनी दावा-आपत्ति में कहा है कि परिसीमन में परेश वर्मा फार्म हाउस से पूर्व की ओर सिंगदई चौक तक एवं चौक से उत्तर की ओर बालोद रोड से उत्तर की ओर जो क्षेत्र जोड़ा गया है वह गलत है। परिसीमन क्षेत्र में जोड़े गए क्षेत्र को हटाया जाए।

#### धरना प्रदर्शन और चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

सिंगदई वार्ड के पूर्व पार्षद भारत साहू और पूर्व पार्षद राकेश रावटे ने कहा है कि सिंगदई वार्ड में मोहारा पुरानी बस्ती को जोड़ने से वार्ड के विकास कार्यों के साथ ही कई परेशानियां आएगी। उन्होंने कहा कि मोहारा पुरानी बस्ती को सिंगदई वार्ड में जोड़ने का विरोध पुरानी बस्ती मोहारा के लोग भी कर रहे हैं। पूर्व पार्षदों ने चेतावनी देते कहा कि वार्ड में आमसभा की बैठक कर यह निर्णय लिया गया है कि अगर सिंगदई वार्ड में मोहारा पुरानी बस्ती को जोड़ा गया तो इसके विरोध में धरना प्रदर्शन और नगर निगम चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे।

## बदलते मौसम में वायरल फीवर के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- ओपीडी में मरीजों की भीड़

रूक-रूककर हो रही बारिश के बावजूद उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। वहीं बारिश, धूप और फिर बारिश जैसे बदलते मौसम के चलते इसका असर लोगों की सेहत पर भी दिखने लगा है। राजनांदगांव शहर में वायरल फीवर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इन दिनों जिला अस्पताल में वायरल फीवर से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ने लगी है।

राजनांदगांव शहर में वायरल फीवर के मामले सामने आ रहे हैं। लोगों को अचानक तेज बुखार का सामना करना पड़ रहा है। वहीं थकान और कमजोरी महसूस हो रही है। वायरल फीवर के चलते जिला अस्पताल के पर्ची काउंटर पर में ओपीडी पर्ची बनवाने वालों की लंबी लाईन देखी जा रही है। वायरल फीवर से पीड़ित लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार, सिर दर्द और हाथ-पैर दर्द जैसी समस्या आ रही है। वहीं कई मरीजों में दस्त की शिकायत भी है। चिकित्सकों द्वारा लोगों को बारिश में भीगने से बचने और गर्म भोजन लेने की सलाह दी जा रही है।

## महामंडलेश्वर सरस्वती का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का नगरागमन आज कार द्वारा दोपहर 12.20 बजे हुआ। केशर नगर स्थित श्री कल्याण साहू के निवास के समक्ष शिष्यों एवं भक्तों ने पूज्य गुरुदेव का आत्मीय स्वागत किया।



गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया के अनुसार पूज्य स्वामी के आगमन पर शिष्यों ने स्वागत अभिनंदन किया। साहू निवास पहुंचने पर मेहरइनबाई साहू ने अपने पुत्र कल्याण साहू एवं बहू भारती साहू के साथ पूज्य गुरुदेव भगवान के चरण पखारकर विधि-विधान से मंत्रोचार के साथ पूजन किया। शिष्यों ने पुष्प माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान रानीदान शर्मा, श्यामसुंदर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, चिंताराम साहू, खुबलाल साहू, गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, लक्ष्मण लोहिया, हितेंद्र शर्मा, चंद्रकांत लोहिया, पवन लोहिया, राकेश शर्मा, मनीष लोहिया, पोषण साहू, निरंजननाथ शर्मा, अशोक शर्मा, मनीष अग्रवाल, चंदादेवी शर्मा, नीता लोहिया, संगीता चंद्रकांत जोशी, भारती कल्याण साहू, सुनीता लोहिया, रश्मि अग्रवाल सहित अन्य भक्त शामिल थे।

पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा कल 20 जुलाई को सुबह 7 बजे गुरु दीक्षा दी जाएगी। पूज्य गुरुदेव भगवान 21 जुलाई को सुबह 9 बजे से श्री अग्रसेन भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे।

## हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर हॉकी 21 से

- छत्तीसगढ़ व राजनांदगांव हॉकी का संयुक्त आयोजन
- हॉकी मैदान सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया द्वारा संचालित वेस्ट जोन जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की स्पर्धा 21 से 28 जुलाई तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में 7 राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजकों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दिया है। गत वर्ष भी वेस्ट जोन हॉकी की बालक-बालिकाओं की सबजूनियर व जूनियर स्पर्धा का आयोजन खेलप्रेमियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न होने के चलते इस बार भी हॉकी इंडिया ने इस बहुप्रतिष्ठित हॉकी स्पर्धा की जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंपी है, जिसे लेकर हॉकी राजनांदगांव व हॉकी छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी कडी मेहनत कर रहे हैं।

#### स्टेडियम परिसर को सजाया संवारा जा रहा है

गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को आयोजन समिति द्वारा सजाया-संवारा जा रहा है, जहां मैदान के चारो ओर ब्राउडिंग बोर्ड का सहारा लिया जा रहा है। वहीं मैदान के बाहरी हिस्से में रंग-बिरंगी रौशनियां भी अपनी छंटा बिखेर रही है।

#### दिल्ली से आई मशीन से टर्फ की हो रही सफाई

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सिथेंटिक टर्फ हॉकी मैदान राजनांदगांव के साफ-सफाई के लिए एडवांस स्पोटर्स टेक्नोलॉजी ओखला नई दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञ मशीन के माध्यम से टर्फ की सफाई का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं।

#### स्पर्धा में सात राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाने वाली हॉकी इंडिया दूसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता 21 से 28 जुलाई तक आयोजित है। आयोजन में बालक वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी गुजरात, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, हॉकी गोवा एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों के साथ ही बालिका वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी गुजरात, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, हॉकी गोवा, दादर नगर हावेली एंड दमन एवं डियू हॉकी के अलावा मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

### 21 को गुरू पूर्णिमा

**राजनांदगांव।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल व कार्यकारिणी सदस्य महेश खंडेलवाल ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन को व्यास पूर्णिमा कहा जाता है। महर्षि व्यास ऋषि के जन्मदिवस को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव से मनाएंगे। कार्यक्रम सद्गुरु कृपा छाया धाम झूलेलाल मंदिर लालबाग में सद्गुरु श्री सुधांशु महाराज का भव्य दरबार सजाया जाएगा। सुबह 9 बजे दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि निर्भयलाल गढ़पायले द्वारा किया जाएगा। सुबह 9.10 बजे सुधांशु महाराज की चरण पादुका पूजन, सुबह 9.20 बजे सामूहिक गुरु मंत्र साधना, सुबह 9.45 बजे से सद्गुरु भक्तिरस धारा, सुबह 11 बजे सुधांशु महाराज की 21 दीपों से सुसज्जित भव्य महाआरती की जाएगी।


## घंटेभर की बारिश के बाद दिनभर तेज धूप, प्रदेश में सबसे गर्म रहा नांदगांव, अगले 48 घंटे बारिश का आरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की बेरूखी का सिलसिला टूटने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले तीन दिनों से अंचल का अधिकतम तापमान 34 डिग्री के पार बना हुआ है। हालत यह है कि इन तीन दिनों में एक से डेढ़ घंटे की बारिश के बाद दिनभर उमस हलाकान कर रही है। अब भी बारिश का कोटा अपने टारगेट से 43 फीसदी तक दूर है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए राजनांदगांव सहित दोनों नए जिले को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार एक अवदाब उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट और उससे लगे उत्तर आंध्र प्रदेश के तट के ऊपर स्थित है। यह उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उड़िशा तट पर पुरी के पास कल सुबह पहुंचने की संभावना है, इसके पश्चिम-उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की तरफ जाते हुए कमजोर होने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर अवदाब के केंद्र तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा के क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ के, मध्य पूर्वी और दक्षिणी भाग संभावित है।



#### तीन दिनों से हल्की बारिश

17 से 19 जुलाई बीच 72 घंटों में राजनांदगांव जिले में 40 मिमी बारिश हुई है। कुल आंकड़ा 228 मिमी तक पहुंच गया है, जो सामान्य से 43 फीसदी पीछे है। ऐसे ही मोहला-मानपुर जिले में इस दौरान 42 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यहां कुल आंकड़ा 284 मिमी तक पहुंच गया है, जो 27 फीसदी कम है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में पिछले 72 घंटे में महज 9 मिमी ही बारिश हुई है। यहां अब तक 194 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 28 प्रतिशत कम है।

#### बस्तर में रेड, अंचल में आरेंज अलर्ट

अल्पवर्षा से प्रदेश का लगभग हर जिला प्रभावित है। हालत यह है कि अक्सर बारिश के मामले में आगे रहने वाला बस्तर संभाग भी सामान्य बारिश के कोटे से पिछड़ा हुआ है। हालांकि इस बीच आज से अगले दो दिनों के लिए बस्तर के बीजापुर व सुकमा जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिले में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे ही रायपुर, गरियाबंद, धमतरी सहित आधा दर्जन जिलों में येलो अलर्ट है।

## सावन के हर सोमवार को पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन के पवित्र माह में संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में हर सोमवार निकाली जाने वाली श्री महाकाल की पालकी यात्रा में अब से कानफोड़ डीजे साउंड नहीं बजाया जाएगा। इसके स्थान पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने पारंपरिक व लोककला को प्राथमिकता दी जाएगी।

सावन में शहर में निकाले जाने वाले श्री महाकाल की भव्य पालकी यात्रा को लेकर रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन में गुरुवार को महाकाल भक्तों की हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय किया गया। इसमें यात्रा की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष महाकाल भक्त सेना द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 11 पालकी यात्रा निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी की पहचान बनती जा रही महाकाल पालकी यात्रा को लेकर इस बार भी भक्तों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है।

भगवान शिव की आस्था व श्रद्धा वाला पवित्र महीना सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। पहला ही दिन सोमवार पड़ रहा है। महीने में कुल पांच सोमवार पड़ रहे हैं। हर सोमवार को शहर के अलग-अलग हिस्से से भक्तों द्वारा श्री महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि डीजे के बजाय यात्रा में स्थानीय कलाकारों को ही प्रोत्साहित किया जाएगा। बैंड, धुमाल के बजाय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक कला की प्रस्तुति दी जाएगी।



#### यहां भी निकलेगी यात्रा

श्री महाकाल पालकी यात्रा संस्कारधानी के साथ धर्मनगरी डोंगरगढ़ व संगीतनगरी खैरागढ़ एवं डोंगरगांव में भी निकाली जाएगी। डोंगरगढ़ में 27 जुलाई, खैरागढ़ में तीन अगस्त, 10 अगस्त को डोंगरगांव तथा 31 जुलाई को ग्राम पंचायत रानीतराई महाराजपुर से पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा मोतीपुर तथा ग्राम पेटेश्री, बोदेला के लोगों के विशेष आग्रह पर यहां से भी पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

#### शहर में महाकाल यात्रा

शहर में श्री महाकाल यात्रा 22 जुलाई को नंदई हाट बाजार से, 29 जुलाई को क्लब चौक बसंतपुर से, 5 अगस्त को पुराना ढाबा से, 12 अगस्त को सिंगदई से, 19 अगस्त को माँ शीतला मंदिर के द्वार से नगर भ्रमण किया जाएगा। बैठक में नीलू शर्मा, पवन डागा, कोमल सिंह राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, अशोक लोहिया, आवतराम तेजवानी, लक्ष्मण लोहिया, राजा मखीजा, किशन यद्धु, मानव देशमुख, तथागत पांडे, मनोज बैद, सूरज बुद्धदेव, राजेश जैन, विजय हरिहारनो, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल आदि ने अपने सुझाव रखे। बैठक में बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित होकर अपने विचार प्रगट किए। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

#### सूर्यास्त से पहले होगा यात्रा का समापन

बैठक में महाकाल भक्तों ने सुझाव दिया कि प्रति सोमवार को यह यात्रा तय समय पर निकाली जाए। इसके लिए सभी से समय पर तय स्थान पर पहुंचने का आग्रह किया गया। तय किया गया कि सूर्यास्त के पहले यात्रा को संपन्न करने का प्रयास किया जाएगा। लेटलतीफी के कारण कई तरह की होने वाली असुविधा से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया। जिससे अधिक से अधिक भक्त इसमें सहभागी बन सकें। सांसद संतोष पांडेय की बहन संगीता शुक्ला समेत महिलाएं और बालिकाएं भी बैठक में शामिल हुईं। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और आरएसएस के भी सदस्य पहुंचे थे।

## वार्ड नं. 20 पेंड्री को सुरक्षित वार्ड रखने की मांग : वैष्णव

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड नं. 20 पेंड्री को सुरक्षित वार्ड रखने की मांग की। श्री वैष्णव ने कहा कि वार्ड क्र. 20 पेंड्री ग्रामीण परिवेश वाला वार्ड है, जो ग्रामीण वार्ड के नाम से जाना जाता है और कृषि बाहुल्य के अंतर्गत आता है।

कृषि कार्य से ही विभिन्न त्यौहार, छत्तीसगढ़ी त्यौहार को कृषकगण मानते आ रहे हैं। वर्तमान में वार्ड के मतदाता 2000 से अधिक संख्या है। परिसीमन के आधार पर वार्ड क्र. 20 पेंड्री को 4098 जनसंख्या बनाकर बड़ा वार्ड का दर्जा दिया जा रहा है। जिससे वार्ड विकास, साफ-सफाई, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के रखरखाव सही तरीके से नहीं हो पाएगा और जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले चुनाव में परिसीमन में वार्ड क्र. 21 को मेडिकल वार्ड नाम से संचालित है। वर्तमान में वार्ड 21 को विलोपित कर वार्ड क्र. 20 पेंड्री में शामिल करना वार्डवासियों के साथ न्याय संगत नहीं है। जबकि वार्ड क्र. 21 मेडिकल वार्ड में अटल आवास, पीटीएस, चंद्रा कालोनी, मेडिकल अस्पताल को वार्ड में शामिल कर यथावत रखा जाए। जबकि परिसीमन के आधार पर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अन्य वार्ड की संख्याएं 2000 से 3000 की मतदाता संख्या की वार्ड बनाया जा रहा है। जबकि पेंड्री वार्ड 20 के मतदाताओं की भावनाओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिससे वार्डवासी असंतुष्ट हैं। बड़े वार्ड बनने से वार्ड का विकास असंभव है। जिलाधीश को पत्र के माध्यम से दावा-अपत्ति कर मांग की गई।

श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, सांसद, विधायक, महापौर एवं आयुक्त से मांग करते कहा कि वार्डवासियों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते पेंड्री वार्ड नं. 20 को सुरक्षित एक वार्ड बनाया जाए एवं वार्ड क्र. 21 मेडिकल वार्ड को यथावत रखा जाए। जिससे वार्ड का विकास हो सके।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं छात्र छात्राएं, पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव, मोहतरा, बसनी, भटरूसे, मोहतरा, कंझेता सहित ऐसे कई ग्राम के स्कूल है जहां पर इन समय शिक्षक-शिक्षिकाओं की कमी से छात्र-छात्राएं जूझ रहे हैं। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2024-25 की अध्ययन पढ़ाई-लिखाई व स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाओं की रिक्त पदों की कमी को विभागीय अधिकारी व शासन प्रशासन द्वारा पूरी नहीं किया जा रहा है। जिससे छात्र छात्राओं को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना व पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारो से जल्द से जल्द स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा कर तत्काल शिक्षक की व्यवस्था किया जाए की मांग की गई ताकि छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई में किसी प्रकार की व्यवधान ना हो।

### क्षेत्र में खण्ड वर्षा सें किसान चिंतित, अल्प वर्षा से खेतों में पड़ने लगी दरारें, बढ़ी परेशानी



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मौसम की बेरूखी व क्षेत्र में खण्ड वर्षा होने से ग्रामीण किसानों की चिंता बढ़ गई है। शहर सहित अंचलों में खण्ड वर्षा होने के कारण धान फसल प्रभावित हो रही है। जिससे किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहें है। इन दिनों अंचलों में खेती किसानी का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है जिसमें साधन के अनुसार किसानों द्वारा धान फसल की रोपाई कार्य बोर-मोटर पंप के सहारे किया जा रहा है। वहीं अन्य किसान जो भगवान भरोसे है उन्हे बारिश में ही धान की रोपाई व कोदो-कुटकी, मूंगफली, अरहर, केले की फसल की तैयारी कर रहे हैं उनकी समस्या बढ़ गई है। जिले में खण्ड वर्षा व बारिश कम होने से अब खेतों में दरार पड़ने लगे हैं, शुरुआती दौर में खण्ड वर्षा व कम बारिश होने से ग्रामीण किसानों चिंता बढ़ गई है।

### सावन माह में श्री पंचदेव मंदिर में होगी विशेष पूजा-अर्चना, आसपास क्षेत्र के भक्तों में उत्साह



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित भव्य व आकषर्ण श्री पंचदेव मंदिर श्रीराम-लक्ष्मण व सीता, भगवान शिव-पार्वती व गणेश, हनुमान तथा मां दुर्गा को समर्पित श्री पंचदेव मंदिर वर्षो पहले स्थापित किया गया। जो प्रतिर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सावन में श्री पंचदेव मंदिर ट्रस्ट समिति सारंगपुर खुर्द कवर्धा द्वारा संचालित श्री पंचदेव मंदिर प्रागंण स्थित श्री शिव मंदिर में श्रावण माह के अवसर पर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक एक माह तक श्रावण माह भर सर्व साधारण के लिए भगवान शिव की विधि विधान से विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसमें श्रद्धालुओ के लिए बेलपत्ती, फूल, दूध, जल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। श्रावण माह में प्रतिदिन भगवान शंकर का भव्य अभिषेक पूजन एवं प्रत्येक सोमवार को विशेष अभिषेक पूजन प्रातः 4.30 बजे होगा। ट्रस्ट समिति ने सभी धर्म प्रेमी भक्त जनों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की गई। उक्त जानकारी श्री पंचदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ठाकुर, संरक्षक जगन्नाथ सिंह ठाकुर व अजय सिंह ठाकुर ने दी।

### कामठी स्कूल में ज्ञान दीप योजना कें तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किए



**हरिभूमि पंडरिया।** हायर सेकेण्डरी कामठी कें शिक्षकों द्वारा पिछले वर्ष से प्रारंभ किए ज्ञान दीप योजना कें तहत कक्षा11वीं व 12 कें जरूरत मंद गरीब 57 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। निश्चित ही यहा कें शिक्षकों कें यह पहल बहुत ही सराहनीय रहा है। छात्र छात्राओं को यदि बाजार से पुस्तक खरीदते है तो कक्षा11वीं व 12वीं कें एक पुस्तक पांच सौ में आता है, इस क्षेत्र बहूत ही पिछड़ी जाति कें लोग है जो पुस्तक खरीदने में असमर्थ होते है। जिसे शिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रदान कर उन्हें पढ़ने में सहयोग कर रहे सराहनीय है। जिस पर प्राचार्य आरएन राजपूत ने बताया यह क्षेत्र बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जो बहुत ही आर्थिक रूप से कमजोर होते है, पुस्तक नहीं खरीद पाते है ऐसे बच्चों कें पढ़ाई को ध्यान में रखकर व शिक्षा को बढ़ावा देने कें उद्देश्य से पिछले वर्ष से यह योजना विद्यालय में प्रारंभ की गई है जिसका लाभ गरीब बच्चों को मिल रहा है। वहीं आगे यह योजना चलता रहेगा, इस अवसर पर विद्यालय कें समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### आपीएस स्कूल में छात्रसंघ चुनाव संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** लोकतंत्र विश्व की सर्वोत्तम शासन प्रणाली है, इसमें जनता के प्रतिनिधि जनता की इच्छा को साकार करने के लिए जनता द्वारा शासन चलाते हैं। इसी थीम को ध्यान में रखकर एवं बच्चों को लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से नगर के सर्वश्रेष्ठ सीबीएसई विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में प्रत्यक्ष मतदान पद्धति से छात्रसंघ का निर्वाचन संपन्न कराया गया। इस पूरे चुनाव प्रक्रिया में बच्चों ने पूरे चुनाव की प्रक्रिया का पालन किया। सर्वप्रथम इच्छुक छात्र-छात्राओं ने नामांकन-फार्म भरा, नाम वापसी का समय भी दिया गया। सभी उम्मीदवारों ने पुरजोर तरीके से अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रचार एवं अपील भी किया। चुनाव हेतु मत-पत्र एवं बैलेट-बॉक्स का भी उपयोग किया गया, जिसमें वोटिंग पूर्व बच्चों की ऊंगली में स्याही भी लगाया गया। चूंकि कुछ पदों जैसे सांस्कृतिक प्रमुख, क्रीड़ा-प्रमुख, वाईस हेड ब्वाय में केवल एक ही नामांकन फार्म लिए गए थे, जिससे ये सभी निर्विरोध चुने गए एवं सभी हाऊस (संस्कार, रीति, परंपरा, संस्कृति) के प्रतिनिधियों हेतु प्रार्थना सभा में ही बहुमत चयन प्रक्रिया अपनाई गई। शेष पदों जैसे हेड ब्वाय (शाला नायक) हेड गर्ल (शाला नायिका), उप शाला नायिका, सांस्कृतिक प्रमुख (छात्रा) इन पदों हेतु मतपत्र से मतदान कराया गया।

### शिविर में हजारों नागरिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां का किया गया वितरण

# नि:शुल्क मेगा हेल्थ शिविर व सोनोग्राफी कैम्प का ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शुक्रवार को वनांचल क्षेत्र ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा प्रदान की गई। शिविर में 75 गर्भवती महिलाओं का पहली बार शिविर स्थल पर ही सोनोग्राफी किया गया। इसके साथ ही हजारों मरीजों का निःशुल्क जांच कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया।

मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया साथ ही साथ डायरिया, मलेरिया तथा मौसमी बिमारी के संबंध में जन-जागरूक किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का अवलोकन कर बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओं, बीएमओं और झलमला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी को स्वास्थ्य शिविर में आए ट्रेक रिकार्ड रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपचार के दौरान मिले जटिल और गंभीर बिमारियों से पीड़ित मरीजों का जिला अस्पताल में उपचार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जटिल और गंभीर बिमारियों से पीड़ित मरीजों का अगर जरूरत पड़ी तो उच्च स्तरीय अस्पताल में भी उपचार कराया जाएगा। वनांचल क्षेत्र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच किए गए। शिविर में सोनोग्राफी के 75, मलेरिया 137, नेत्र रोग के 77, नाक-कान-गला के 18, शिशु रोग 52, सर्जन 21, दंत जांच 36, आर्थो 56, बीपी 157, सुगर 157, सिकलिंग 135, हीमोग्लोबीन 56, एचआईवी 20, टीबी 22, ब्लड ग्रुप जांच 05, एएनसी 120, हेपेटाईटीस के 20, युरीन एल्बुमीन सुगर जांच के 20, आबीएस 35 सहित अन्य बिमारियों की जांच किया गया। इसके साथ ही 33 विकलांगता प्रमाण पत्र और 21 लोगों आयुष्मान कार्ड वितरण तथा 12 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

#### पहली बार शिविर में गर्भवती महिलाओं को मिली सोनोग्राफी की सुविधा



ग्राम झलमला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा प्रदान की गई। जहां गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए विकासखंड या जिला मुख्यालय आना पड़ता था। लेकिन स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से अपने क्षेत्र में सोनोग्राफी की सुविधा मिली। महिलाओं ने बताया कि मितानिनों के माध्यम से गर्भ के स्वस्थ बच्चे के जांच के लिए सोनोग्राफी कराने शिविर में लाया गया है। जिसमें सोनोग्राफी जांच के बाद उचित देखभाल के लिए परामर्श एवं दवाईयां दी गई।

#### वनांचलवासियों को मिली नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा

इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की निर्देश एवं पहल पर आयोजित की गई। जिससे वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उनके निकटतम स्थान पर ही उपलब्ध हुई। जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार और गंभीर बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक हुए।

#### विशेषज्ञ चिकित्सों ने दी अपनी सेवाएं

राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में वनांचल में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासियों के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंबालिका ठाकुर, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह परिहार, सर्जन रोग विशेषज्ञ डॉ अजिफ करीम, मेडिकल अधिकारी हर्षित तुवानी, चिकित्सा अधिकारी पारखी ध्रुव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सैयद सहादातुल्लाह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ जेआर पुथ्थल, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक पाटले और फिजियोथैरैपिक डॉ सिद्धार्थ कुमार अपनी सेवाएं दी।

## पढ़ाई करने की उम्र में शराब की बोतल बिनने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे छोटे बच्चों के हाथो में कापी-किताब-पुस्तक होना चाहिए, वही इस उम्र में जीवन-यापन व भरण पोषण करने मजबूर है। अपने पेट पालने के लिए शहर व क्षेत्र में ऐसे कई गरीब-मजदूर परिवार के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा सुबह से देर शाम तक शराब की बोतले व कबाड़ बिनने मजबूर है।

स्थिति इतनी खराब है कि सुबह से शाम तक काम नहीं किया तो दो वक्त का रोटी तक नसीब नहीं होती। जिमसे गांव की गली-मोहल्ले तथा चौक चौराहो व सड़कों में घूम-घूमकर सुबह से बोरी लेकर शराब की बोतले व कबाड़ बिनने मजबूर है। वहीं शासन प्रशासन द्वारा निःशुल्क में चांवल वितरण किया जाता है लेकिन क्या? चांवल बस गरीब मजदूर परिवार की गरीबी व परेशानियां दूर किया जा सकता है। जिस कारण शहर सहित अंचल में नन्हे मुन्हे बच्चे स्कूल व पढ़ाई-लिखाई के बजाय कबाड़ बिनने मजबूर है।

## विश्व का अद्भूत शिवलिंग सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाला पंचमुखी बुढ़ा महादेवः आदित्य

### 21 जुलाई 2008 को बुढ़ा महादेव से भोरमदेव पदयात्रा की हुई थी शुरुआत



■ यात्रा में प्राय: पूर्व कलेक्टर सम्मिलित होते रहें है




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्रावण मास भूतभावन महादेव का सबसे प्रिय माह है। इस माह में सम्पूर्ण भारतवर्ष शिवमय होकर बोल बम के जयकारे से गूंजने लगता है। विश्व का अद्भुत शिवलिंग सर्व मनोकामना पूर्ण करने वाले पंचमुखी बूढ़ामहादेव वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवा निवृत्त व्याख्याता सदस्य जिला पुरातत्व समिति इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि हजारों शिव भक्त दूर-दूर से कांवर लेकर जल चढ़ाने बूढ़ा महादेव कवर्धा और भोरमदेव पहुंचते हैं। इसे देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी की पहल पर भोरमदेव तीर्थकारिणी प्रबंध समिति और नगर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से श्रावण माह के प्रथम सोमवार को बूढ़ा महादेव से भोरमदेव तक पदयात्रा प्रारम्भ करने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया गया और पहली बार 21 जुलाई 2008 को बूढ़ा महादेव की पूजन पश्चात पदयात्रा को स्व विघ्नहरण सिंह, सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी कलेक्टर ने झंडी दिखाई और इस तरह बाजे गाजे और बोल बम, जय बूढ़ा महादेव के उद्घोष के साथ प्रथम पद यात्रा प्रारम्भ हुई। इस यात्रा में गजब का उत्साह और भक्ति भावना दिखाई दी लोग नाचते गाते भोरमदेव पहुंचे। समनापुर से भोरमदेव तक जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए रास्ते भर स्वल्पाहार, फलाहार एवं पेयजल की व्यवस्था समाज सेवी संस्थाओं, क्लबों और पंचायतों द्वारा की गई थी। यह पदयात्रा कोरोना काल को छोड़कर अनवरत जारी है। इस यात्रा में प्रायःपूर्व कलेक्टर सम्मिलित होते रहे हैं, इस बार भोरमदेव पदयात्रा 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगी।

### कलेक्टर महोबे ने शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को ग्राम झलमला में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सोनोग्राफी कैम्प स्थल से शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया। शिशु संरक्षण माह जिले में 23 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को निर्धारित स्थल पर सत्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज उपस्थित थे। जिला नोडल अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सलिल मिश्रा ने बताया कि 05 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बिमारियों में कमी लाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 09 माह से 05 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए अनुपूरण शिशु संरक्षण माह के माध्यम से दिया जाना है। शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत सत्र आयोजन कर विटामिन ए की खुराक, आईएफएसीरफ डयू बच्चों का टीकारण, बच्चों का वजन, गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में आहार की प्रदायगी किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज द्वारा पालकों से अपील किया गया कि उक्त तिथियों में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आंगनवाड़ी केंद्रों में जाकर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरफ की दवा अवश्य पिलाए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत शत प्रतिशत बच्चों को लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन तथा आगनबाडी कार्यकर्ताओं को कार्ययोजना अनुरूप प्रशिक्षित किया गया ताकि एक भी शिशु न छुटे।

### उप मुख्यमंत्री के 51वें जन्म दिवस पर गुरूकुल स्कूल में किया पौधारोपण



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के 51वें जन्म दिवस के पूर्ण होने के गुरूकुल स्कूल में 51 वृक्षों का पौधरोपण सीसीए ऐक्टीविटी के अंतर्गत कक्षा 1ली से 3री तक के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया व 4 अगस्त तक 200 अधिक पौधरोपण का संकल्प लिया गया। इसी कडी में शुक्रवार को विद्यार्थियों द्वारा 51 पौधे ट्री-गार्ड से सहित लगाकर इस कार्यक्रम का शुरूवात किया। इस अवसर पर बीजेएस टीम के अध्यक्ष डॉ अतुल जैन और सचिव अमित बरडिया एवं भारतीय जैन संघटना की टीम उपस्थित थें। कक्षा 1 से 3 तक के छात्र-छात्रों ने 5-5 के समूहों में पौधरोपण किया। बीजेएस टीम ने बच्चों को पौधों की देखभाल और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी, कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेंद्र सिंह और प्रशासक संदीप श्रीवास्वव एवं गुरूकुल स्कूल में कार्यरत सभी सदस्य भी सम्लित हुए और कार्यक्रम की सफलता मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पत्रकार सौरभ नामदेव व जितेंन्द्र नामदेव ने पौधरोपण को सरहानीय कदम बताया।

### पंडरिया कारखाना में गन्ना विक्रय करने का भुगतान नहीं

## सात माह बाद आज भी किसान राशि पाने भटकने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया/कोलेगांव

पंडरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है, खेती-किसानी का समय पर किसानों को साहूकारों से ब्याज में पैसे लेकर किसानी काम-काज करना पड़ रहा है और इन सबका का कारण है कि पंडरिया शक्कर कारखाना में जिन किसानों ने गन्ना फसल बेचा था उनको आज पर्यन्त तक गन्ना बेचने के सात माह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा सका है। जिसकी जल्द भुगतान के लिए शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा जल्द भुगतान कि मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने ज्ञापन के माध्यम से कारखाना प्रबंधन से यह मांग किया कि 32 करोड़ मूल भुगतान, 33 करोड़ की लाभांश राशि व 18 करोड़ की बोनस राशि कुल मिलाकर लगभग 80 करोड़ की राशि भुगतान हेतु लंबित राशि का जल्द हो भुगतान हो साथ ही साथ मजदूरों व श्रमिक ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान करने कि मांग की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में कृषण गण उपस्थित थें।

#### कांग्रेस पार्टी व किसान मिलकर करेंगें चक्का जाम

किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार अधिकारियों से मिलकर किसानों को भुगतान करने की मांग की जा रही है, पर इनके द्वारा फण्ड नही होने की बात कहकर टाल-मटोल किया जा रहा है। साथ ही साथ सरकार में बैठे जनप्रतिनिधियों को गन्ना किसानों की तकलीफे दिखाई नही दे रही है, आज ज्ञापन के माध्यम से हमने एक सप्ताह के भीतर पूर्ण भुगतान कि मांग की है यदि आने वाले दिनों में किसानों को भुगतान नही हुआ तो कांग्रेस पार्टी व किसान मिलकर राष्ट्रीय राज मार्ग पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेंगे और अपना अधिकार लेकर रहेंगे।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071





**समस्या:** प्रशासन की नाकामी और बदइंतजामी का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्रामीण

# ग्राम सोनवाही से लगे ग्राम सरेंडा में फिर तीन ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला की ग्राम पंचायत झलमला के आश्रित ग्रामों में ग्रामीणों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बताया जाता है कि ग्राम सोनवाही से लगे ग्राम सरेंड़ा में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के तमाम दवों तथा तथाकथित इंतजामो के बीच यहां बीते चार दिनो में फिर तीन लोगों की मौत हो गई वहीं दर्जनो की संख्या में लोग बीमार हो चुके हैं, इनमें से कई तो अभी भी अस्पतालों में भर्ती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीहड़ और वनांचल के इन बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में हाल के दिनो में हुई सात ग्रामीणों की मौत और दर्जनो लोगों के बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती होने के पूर्व तक न तो ग्रामीणों के पास शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था थी और न ही यहां ईलाज तथा उपचार की कोई व्यवस्था थी। यहां तक की वनांचल के इन ग्रामों में वर्षाकाल में मलेरिया से बचने ग्रामीणों को मच्छरदानी का वितरण किया गया था। लेकिन फिर भी जिले का स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन यह मानने को तैयार नहीं है कि सात ग्रामीणों की मौत की वजह उल्टी-दस्त, डायरिया अथवा दूषित पेयजल जल है। कुल मिलाकर अगर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की मंशा को समझा जाए तो वह यह सिद्ध करने का प्रयास कर रहा है कि उसने ग्राम सोनवाही तथा सरेंड़ा में इतने शानदार और जानदार इंतजाम कर दिए हैं कि अब यहां किसी की मौत उल्टी-दस्त, डायरिया अथवा दूषित पेयजल जल से हो ही नहीं सकती है। लेकिन सच तो ये है कि इन दोनो ही ग्रामों की जमीन हकीकत अभी भी जस की तस बनी हुई है।

## ग्रामीण कर रहे हैं प्रतिबंधित जल स्त्रोत के पानी का उपयोग




बताया जाता है कि ग्राम सोनवाही में उल्टी-दस्त का प्रकोप फैलने के बाद बीते दिनो मौके पर पहुंची जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा पीएचई विभाग की टीम ने गांव के एक वार्ड के जल स्त्रोत के पानी की जांच के बाद उस पानी को दूषित करार देते हुए जल स्त्रोत के पानी के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया था। लेकिन संबंधित जल स्त्रोत के पानी के उपयोग को प्रतिबंधित करने के दौरान प्रशासन यह भूल गया कि ग्रामीणों के लिए पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी। ऐसे में मजबूरन ग्रामीण इस प्रतिबंधित जल स्त्रोत का पानी उपयोग में ला रहे हैं।

## दो दिन पूर्व ही गांव में स्थापित की पानी टंकी

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सोनवाही और सरेंडा के कुल सात ग्रामीणों की मौत के बाद जागे पीएचई विभाग ने अभी दो रोज पूर्व ही सरेंडा गांव की एक बस्ती में पानी टंकी स्थापित की है। जबकि इससे पूर्व विभाग के ठेकेदार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत स्थापित की गई पानी टंकी से महज कुछ घरों तक ही पेयजल पहुंचाने का कार्य किया गया था गांव के शेष घरों तक नल कनेक्शन ही नहीं पहुंचाया गया था।

## पानी टंकियों की नहीं की जाती साफ सफाई, पीएचई द्वारा स्थापित टंकियों का पानी भी साफ नहीं

यहां बताना लाजिमी होगा कि पीएचई विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण अंचलों से लेकर वनांचलों और शहरी क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित की गई पानी टंकियों की सफाई वर्षो से नहीं की गई है। जिसके चलते इन पानी टंकियों में भारी मात्रा में गंदगी जमा होगई है। वहीं कई पानी टंकियों में तो कीड़ों का भी बसेरा हो गया है। ऐसे में बेहतर होगा कि विभाग को कम से कम वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व अभियान चलाकर इन पानी टंकियों की साफ सफाई करानी चाहिए ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल की अपूर्ति हो सके।

## प्रशासन मानने को तैयार नहीं मौत डायरिया से

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के बोडला विकासखण्ड के ग्राम सोनवाही के पारा-टोला ग्राम सरेंडा निवासी तीन ग्रामीणों की मृत्यु का कारण दूषित जल पीने अथवा डायरिया से नहीं हुई है। तीन ग्रामीणों की मृत्यु का कारण अलग-अलग है और एक ग्रामीण महिला की मृत्यु रायपुर डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में हुई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर बनी तीन सदस्यीय जांच टीम ने गुरूवार को कलेक्टर को अपनी जांच रिपोर्ट दी है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि सरेंडा गांव में तीन ग्रामीणो की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर ग्राम सरेंडा का भ्रमण कर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पूछताछ में बताया गया कि मृतक पनकिन बाई पति नन्हुआ सिंह 75 वर्ष की थी। वह सरेंडा की निवासी थी। पिछले कुछ वर्षों से लकवा रोक से ग्रसित थी, जिसके कारण वह चलने फिरने में असमर्थ थी। धीरे-धीरे शारीरिक कमजोरी बढ़ने के कारण 14 जुलाई को दोपहर को उनकी घर पर ही मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उन्हे किसी भी प्रकार के अन्य बीमारी जैसे उल्टी-दस्त अथवा बुखार नहीं था। मृतक सोमबाई पति सुमेर सिंह बैगा का उम्र 70 वर्ष की थी। पिछले दो वर्षों से लकवा ग्रस्त थी। उसे खाना खाने में बहुत तकलीफ हो रही थी। पिछले 20 दिनों से खाना भी नहीं खा पा रही थी। ग्रामीणों के मुताबिक 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उन्हे किसी भी प्रकार की अन्य बीमारी जैसे उल्टी-दस्त अथवा बुखार नहीं था। मृतक अनिता बैगा पिता महासिंह उम्र 29 वर्ष की थी। वह 6 माह की गर्भवती थी। उन्हें उल्टी-दस्त बुखार एवं रक्त स्त्राव की समस्या के साथ 14 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झलमला में भर्ती कराया गया। स्थिति में सुधार नही होने के कारण उसी दिन उन्हे जिला अस्पताल कवर्धा में रिफर किया गया। जिला अस्पताल में उनका स्वास्थ्य सुधार नहीं होने के कारण उसे डॉ भींम राव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में भर्ती किया गया। उपचार के दौरान 17 जुलाई को उनकी मृत्यु हो गई। उनके मृत्यु का कारण डायरिया या उल्टी दस्त नहीं हैं। उनकी मृत्यु का कारण सेप्टीक शॉक विथ एक्यूट किडनी इन्ज्यूरि विथ सर्वेयर मेटाबूलिक एसिडोसिस एण्ड एक्यूट गैस्ट्रोएन्टेराइटिस विथ आईयूडी बताया गया है।

## खबर संक्षेप



### तेलियापानी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोदवागोड़ान।** उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पंडरिया क्षेत्र में सुदूर पहाड़ों पर स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम तेलियापानी एवं उसके आश्रित ग्राम मराडबरा में डायरिया से बचाव के लिए पंडरिया बीएमओ के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस जांच शिविर में कुल 394 लोगों की जांच की गई। मौसमी एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की जांच के दौरान 1 व्यक्ति में सिकलसेल के लक्षण अलावा शेष सभी लोग किसी बीमारी से मुक्त पाए गए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. अनामिका पटेल द्वारा सभी ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव के साथ साथ स्वास्थ्य रहने के उपाय भी बताए गए। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरपानी के प्रभारी एवं सुपरवाइजर, उप स्वास्थ्य केंद्र चियांडांड के अलावा पंडरिया की चिरायु टीम सहित स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों का योगदान रहा।

### तेलियापानी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजन ग्राम पंचायत सेवाईकछार में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत युवतियां द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया, जिसमें एड्स के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कंचन यादव और दूसरा स्थान चांदनी ने प्राप्त किया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर सायकल को मारी टक्कर, सवार की मौत

## अनियंत्रित ट्रक भी पलटा, चालक परिचालक घायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत जिला मुख्यालय कवर्धा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित ग्राम जोराताल के पास शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की जबरदस्त ठोकर से गंभीर रूप से घायल मोटर सायकल सवार युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बताया जाता है कि मोटर सायकल को ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रक भी सड़क किनारे पटल गया जिसमें सवार चालक तथा परिचाल भी घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वहीं मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर कवर्धा कोतवाली अंतर्गत जिला मुख्यालय कवर्धा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने ग्राम जोराताल स्थित श्याम पेट्रोल पंप के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार बिहारी धुर्वे आयु 36 वर्ष निवासी ग्राम खरिया को अपनी चपेट में ले लिया और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में मोटर सायकल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रक सवार चालक व परिचाल भी घायल हो गई। घटना की जानकारी राहगीरों ने तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनो घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया। जहां ईलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल बिहारी धुर्वे की मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद पुलिस ने अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मर्ग कायम कर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। हालांकि अभी तक आरोपी ट्रक चालक की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

## भोरमदेव अभ्यारण में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे



**कवर्धा।** भोरमदेव अभ्यारण्य में तितली सर्वे का प्रथम संस्करण आप सभी को ज्ञात है कि जून 2024 में भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पहली बार बर्ड सर्वे का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे उन सभी के द्वारा आयोजित बर्ड सर्वे की सराहना की गई। जिससे उत्साहित होकर भोरमदेव अभयारण्य की टीम द्वारा सितंबर माह में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के उपरांत भोरमदेव अभ्यारण्य तितलियों के संसार के रूप में वर्णित हो जाता है और यहां भरपूर मात्रा में तितलियां हेतु आवश्यक नेक्टर एवं होस्ट पौधे उपलब्ध हैं जो उनके जीवन चक्र हेतु महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं।

# एसटी, एससी का पिछड़ापन जांचने प्रदेश सरकार ने फिर से बनाई पिंगुआ कमेटी: संघ

- कमेटी की रिपोर्ट आने तक पदोन्नति स्थगित रखने की मांग
- एसटी, एससी संगठन का विधानसभा घेराव 26 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा प्रांतीय आह्वान पर पदोन्नति में आरक्षण की बहाली को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया है। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संगठन ने 26 जुलाई को चौथे चरण के आंदोलन के तहत राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन रैली एवं विधानसभा घेराव की तैयारी संगठन एवं समाज के वरिष्ठजनो के साथ शुरू कर दी है।

इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जिला मुख्यालय में संगठन और समाज के बीच आंदोलन को लेकर बैठकों का दौर प्रारंभ हो चुका है। उन्होने बताया कि दूसरी तरफ इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय 11/07/2024 को आदेश जारी करते हुए पुनः मनोज कुमार पिगुआ की अध्यक्षता में आठ सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की सेवाओं में अनुसूचित जातियों/जन जातियों के शासकीय सेवकों को पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान नियमों में होने के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका के अनुपालन में राज्य सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टांतो के अनुसार राज्य के अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के शासकीय सेवकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में मात्रात्मक आंकड़े निर्धारित समय सीमा में संकलित किए जायेंगे।

सरकार की इस कार्यवाही पर संगठन और समाज ने प्रक्रिया पूर्ण होने तक विभागीय पदोन्नति को स्थगित रखे जाने तथा नियम विरुद्ध पदोन्नति देने वाले अधिकारीयों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

# ग्राम छिरहा में स्कूली बच्चों ने निकाली गई जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मौसमी बिमारी से बचाव हेतु ग्रामवासियों को जागरूक किया। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रायः बरसात के मौसम में मौसमी बिमारी का प्रकोप ज्यादा देखा जाता है। कुछ सावधानियां बरतकर इन बिमारियों से बचा जा सकता है। इन मौसमी बिमारियों के संबंध में सही जानकारी के अभाव में मृत्यु तक हो जाता है। इन्हीं सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए जन जागरूकता के लिए हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकाला। रैली के माध्यम से डायरिया, डेंगू, मलेरिया, सर्प दंश आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान गलियों में ओआरएस जिंक पिलाओ, डायरिया को दूर भगाओ जैसे नारों की गूंज सुनाई दिया. रैली निकालने से पहले प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इन बीमारियों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया. इस दौरान प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित है।

# ओबीसी महासभा ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के मार्गदर्शन में कवर्धा जिले के विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में ओबीसी महासभा के विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर इस बार स्थानीय विधायकों के माध्यम से बातों को रखा गया है। जिसमें प्रमुख रूप 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत गणना, समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व, मंडल कमीशन के अनुशंसाओं को पूर्णतः लागू करना, ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर की बाध्यता को समाप्त करना, प्रदेश में ओबीसी महासभा के लिए पृथक से भूमि आबंटन, राज्य छात्रवृत्तियों में विसगतियों को दूर करना, ओबीस प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाना सहित 22 बिंदुओं पर निज सचिव ओंकार साहू के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आनंद साहू, घनश्याम साहू, अजय चंद्रकार, शीतल साहू, बालाराम साहू, कौशल साहू, पूर्णिमा चंद्रकार, जीवन कौशिक, चंद्रशेखर साहू, हरिश साहू आदि उपस्थित थे।

**नगरीय निकाय कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा शांतिपूर्ण चरणबद्ध होगा आंदोलन**

# नपा कर्मचारियों ने दो दिन काली पट्टी बांधकर किया काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्व तरीके से आंदोलन किया जा रहा है।

कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक दिनांक 06 जुलाई को बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों कर्मचारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश स्तर पर अपना आंदोलन चरण बद्व शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है ताकि कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आकर्षण कराया जा सके।

दिनांक 18 एवं 19 जुलाई को संपूर्ण छत्तीसगढ़ के साथ-साथ नगर पालिका परिषद कवर्धा के कर्मचारियों द्वारा दो दिवस काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी तरह दिनांक 22 जुलाई को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल एवं दिनांक 29 जुलाई को अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।

# शिखर युवा मंच ने गावों में चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान, बड़ी संख्या में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखंड बोडला के विभिन्न ग्रामों में एक पेड़ मां के नाम योजना अंतर्गत एक विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन शिखर युवा मंच द्वारा, वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से किया गया। इस अभियान में फलदार और छायादार पौधों का चयन किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सके। वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग ने पौधों की आपूर्ति और तकनीकी सहायता प्रदान की। शिखर युवा मंच के सदस्यों ने ग्रामवासियों को पौधों की देखभाल और उनकी सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। मंच के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान से न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलती है, बल्कि यह हमारे आने वाले पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित वातावरण का निर्माण करता है। मंच ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके संरक्षण में योगदान दें। इस अभियान के अंतर्गत बोडला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के शाला परिसर, पंचायत परिसर, आंगनवाडी, छात्रावास परिसर, व्यक्तिगत भूमि इत्यादि स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में पौधा रोपित करने का कार्य किया गया। जिससे आसपास के पर्यावरण की स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि ,ग्रामीण और शिखर युवा मंच के सदस्य उपस्थित थे।

